



## सार-समाचार

### रोहट में आयुष्मान आरोग्य शिविर लगा

**पाली,( नि.सं. )।** मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविर के तहत सोमवार को रोहट कस्बे में मोबाइल कैंसर स्क्रीनिंग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जोधपुर मेडिकल कॉलेज से आए विशेषज्ञ चिकित्सकों ने 53 लोगों की स्क्रीनिंग कर उपचार दिया गया तथा शिविर मे स्क्रीनिंग के दौरान गंभीर पाए गए एक मरीज का उच्च उपचार के लिए जोधपुर रैफर किया गया। सीएमएचओ डॉ विकास मारवाल ने बताया कि राज्य सरकार की ओर से कैंसर की पहचान व जल्द निदान के लिए प्राप्त मोबाइल कैंसर डिटेक्शन वैन जोधपुर मेडिकल कॉलेज से मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविर के तहत सोमवार 3 फरवरी को रोहट कस्बे के राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंची। रोहट के सीएचसी में मोबाइल कैंसर स्क्रीनिंग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जोधपुर मेडिकल कॉलेज से आए विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ राजन पालीवाल, डॉ इमरान खान, डॉ अदिति ताबियाद, मोहीत शर्मा, उमर फारूख, सुशीला चौधरी, शारदा चौधरी, निहारिका पारीक ने शिविर में 30 वर्ष से अधिक उम्र के 53 लोगों की स्क्रीनिंग कर उपचार दिया गया। स्क्रीनिंग के दौरान गुटखा खाने वाले व्यक्तियों व महिलाओं की बीमारी से सबंधित महिलाओं की स्क्रीनिंग की गई। शिविर में स्क्रीनिंग के दौरान गंभीर पाए गए एक मरीज का उच्च उपचार के लिए जोधपुर रैफर किया गया। इधर, रोहट बीसीएमओ डॉ तेजपाल चारण ने भी शिविर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली। सीएमएचओ डॉ मारवाल ने बताया कि मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविर के 5 फरवरी बुधवार को वायद गांव के राजकीय आदर्श प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर मोबाइल कैंसर स्क्रीनिंग शिविर का आयोजन किया जाएगा।

### एस.बी.आई. के अधिकारियों की बैठक ली

**जालोर, (कासं)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जालोर के अध्यक्ष एवं जिला न्यायाधीश हारून के निर्देशन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश अहसान अहमद ने सोमवार को एसबीआई के अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान सचिव ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार 15 फरवरी को भारतीय स्टेट बैंक से संबंधित ऋण खातों के लिए तालुका मुख्यालयों एवं जिला मुख्यालय पर विशेष प्री लिटिगेशन लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। इस संबंध में संबंधित ऋण खातों के प्रकरण तैयार कर शीघ्र ही जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में पेश करें। उन्होंने कहा कि विशेष प्री लिटिगेशन लोक अदालत का प्रचार प्रसार किया जावे एवं बैंक में भी इसका बैनर लगाया जावे ताकि यहां आने वाले लोगों को इसके संबंध में भी जानकारी हो। उन्होंने कहा कि प्री लिटिगेशन लोक अदालत को लेकर बैंक स्तर पर भी पक्षकारान के साथ प्री काउंसलिंग की जावे। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्री लिटिगेशन लोक अदालत में बैंक की ओर से दिए जाने वाले फायदे के बारे में भी प्रचार प्रसार किया जावे। इस दौरान एसबीआई बैंक के मुख्य प्रबंधक राजेश दवे, एसबीआई के एलडीएम रमेश कुमार, प्रबंधक एनपीए मुकेश कुमार मौजूद रहे।

### अंबालाल ने कार्यकारिणी का विस्तार किया

**जालोर, (कासं)।** ऑटो रिक्शा मजदूर संघ जालोर की बैठक रविवार को शाम 5 बजे सिरे मंदिर रोड शीतला माता प्रांगण में बैठक जिला अध्यक्ष अंबालाल माली की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में सर्व सहमति से ऑटो रिक्शा सदस्यों की आम बैठक में कार्यकारिणी की घोषणा जिला अध्यक्ष अंबालाल माली द्वारा की गई । उपाध्यक्ष अब्दुल कादिर, सचिव नियाज मोहम्मद, कोषाध्यक्ष कूयाराम मेघवाल, सह कोषाध्यक्ष तुलसाराम गहलोत, संगठन मंत्री नजीर मोहम्मद मंडोरी, सह संगठन मंत्री महबूब खान मेहर, सह सचिव जोगाराम सोलंकी, प्रचार मंत्री वसीम खान खोखर, सह प्रचार कुंदन गर्ग को बनाया गया। वही वरिष्ठ सदस्य के रुप में सोना राम माली, भंवर सिंह देसू, भाटा राम घांची, फूसाराम मेघवाल, प्रेमाराम सोलंकी, हाजी खान, वेलाराम देवासी, प्रकाश संत फूलाराम सांसी शंकर भाई हीरागर झालाराम देवासी को बनाया गयाा सभीनवनिर्वाचित कार्यकारिणी व सदस्यों को जिलाध्यक्ष अंबालाल माली द्वारा आम बैठक में शपथ दिलाई तथा यह सभी सदस्य हमेशा ऑटो रिक्शा के प्रति वफादारी ईमानदारी से काम करेंगे । उसके पश्चात आम बैठक में सभी नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को को सभी सदस्यों द्वारा माला पहन कर वह गुलाल लगाकर एक दूसरे का मुंह मीठा करवाया ।

### मेडिकल स्टूडेंट हॉस्टल में तोड़फोड़ की

**जोधपुर, (कासं)।** शहर के मेडिकल कॉलेज हॉस्टल में रात को तोड़फ़ोड़ हुई। आशंका है कि शराब पीने के बाद मेडिकल स्टूडेंट ने मिलकर उत्पात मचाया और यह तोड़फ़ोड़ की है। हॉस्टल के वाश रूम से लेकर खुद के कमरों में छात्रों ने यह तोड़फ़ोड़ की। जानकारी मिलने मेडिकल कॉलेज प्राचार्य बीएस जोधा मौका निरीक्षण करने पहुंचे। मामले को लेकर जांच की आदेश दिए गए है। जानकारी के अनुसार शहर के मेडिकल कॉलेज में आए बॉयज हॉस्टल में रविवार की रात तोड़फ़ोड़ हुई। संदेह जताया कि मेडिकल स्टूडेंट ने रात को शराब पीने के बाद कारस्तानी की है। वाशरूम से लेकर टायलेट तक को नुकसान पहुंचाया गया है। जानकारी पर कॉलेज प्राचार्य बीएस जोधा ने निरीक्षण किया, इस बारे में जांच के भी आदेश हुए। नुकसान करने वाले छात्रों के खिलाफ एक्शन हो सकता है।

### महाकुंभ से लौटे डॉ. जाम्भाणी का स्वागत

**भीनमाल, (निसं)।** महाकुंभ अमृत स्नान कर लौटे बीसीएमओ डॉ जाम्भाणी का स्वागत किया। महाकुंभ 2025 प्रयागराज से अमृत स्नान करके पुनः कार्यस्थल पर लौटने पर बीसीएमओ डॉ. दिनेश जाम्भाणी का कार्यालय परिसर में बीसीएमओ कर्मचारी छगनाराम सुथार, श्रवणकुमार, सूरजकुमार, कल्याणदास, नरेशकुमार, संजयकुमार, उषा चौहान, मिनी के, विनोदकुमार एवं प्रेस क्लब ऑफ भीनमाल के अध्यक्ष माणकमल भंडारी, सचिव मुकेश सोलंकी, उपजलि चिकित्सालय प्रभारी डॉ नेमीचन्द संघवी, वरिष्ठ दंत विशेषज्ञ डॉ अक्षय बोहरा, डॉ सुरेश बिश्नोई, डॉ राजेश बिश्नोई, डॉ आशीष खाडयि, सुरेशकुमार ईएमटी, अन्य स्टाफ और व्यापार मंडल के हरीश गहलोत, हितपालसिंह, गोपालकुमार, महेंद्रसिंह, दिनेशकुमार सहकारी स्टोर, श्रवण कडवासरा, डूँगर देवासी सहित विभिन्न व्यापारियों ने आदर सत्कार के साथ साफा पहना कर, माल्यार्पण कर एवं स्मृति चिन्ह देकर उनका अभिनंदन एवं सम्मान कर स्वागत किया।

### आदर्श विद्या मंदिर भटाना में कार्यक्रम हुआ

**रेवदर, (निसं)।** उपखंड विद्या भारती द्वारा संचालित आदर्श विद्या मंदिर भटाना में सनातन संस्कृति के 16 संस्कारों में से एक विद्यारंभ संस्कार सोमवार को बसंत पंचमी पर विद्यालय परिसर में कार्यक्रम सम्पन्न किया गया। सर्व प्रथम पंडित कस्तूर राम पुरोहित द्वारा मंत्रोच्चारण व विधि विधान से जोडे बिठाकर हवन किया गया साथ में भैया बहिनों का पाटी पूजन कर 3० नौनिहालों का प्रवेश किया गया। प्रधानाचार्य अगरा राम कुम्हार ने बताया की प्रतिवर्ष बसंत पंचमी के दिन 3 वर्ष से ऊपर के बालकों का विद्यारंभ संस्कार कार्य म विद्यालय में मनाया जाता हैं। हवन में विद्यारंभ कार्यक्रम में यजमान के रूप में तेजाराम, ओम प्रकाश, दरजा राम, दिनेश कुमार प्रजापत,हार्दिक पुरोहित, अजा राम, प्रकाश कुमार, नरेंद्र कुमार, अजबा राम वह भैया बहिन उपस्थित रहे।

# जालोर महोत्सव के ऑडिशन 8 से, पेम्पलेट क विमोचन

**जालोर, (कासं)।** पर्यटन विभाग, जिला प्रशासन जालोर एवं जालोर विकास समिति के संयुक्त तत्वावधान में 15 फरवरी से आयोजित जालोर महोत्सव 2025 में सांस्कृतिक गतिविधियों के आवेदन को लेकर पेम्पलेट का विमोचन सोमवार को एसडीएम जालोर मनोज कुमार चौधरी ने किया। वही जालोर महोत्सव को लेकर सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने वाले प्रतिभागियों के ऑडिशन 8 फरवरी से राजकीय उच्च माध्यमिक विधालय राजेन्द्र नगर जालोर में होगे। सांस्कृतिक प्रतियोगिता में भाग लेने वाले इच्छूक प्रतिभागी अपना आवेदन 7 फरवरी तक जमा कराये।

जालोर समन्वयक रतन सुथार ने बताया कि जालोर महोत्सव 2025 को इस बार भव्य व आकर्षक रूप देने को लेकर अलग - अलग कमेटियों का गठन कर समन्वयक का चयन किया गया है। जालोर महोत्सव का मुख्य आयोजन स्टेडियम ग्राउण्ड के प्रांगण में होगा। तीन दिवसीय इस समारोह में नटराज मंच पर विभिन्न प्रकार की सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं के आयोजन को लेकर सांस्कृतिक कार्यक्रम के पेम्पलेट का विमोचन समन्वयक रतन सुथार, सांस्कृतिक समन्वयक रितु टांक, पंकज भारती, सांस्कृतिक प्रभारी महेश भट्ट, ऑडिषन प्रभारी विनिता ओझा, हेमेन्द्रसिंह बगेडिया व मुकेश दहिया, अनन्या की उपस्थिति में एसडीएम मनोज कुमार चौधरी ने किया । सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने वाले इच्छूक प्रतिभागियों से आवेदन 7 फरवरी तक जमा करवा सकते है। सांस्कृतिक कार्यक्रम समन्वयक रितु टांक ने बताया कि 8 फरवरी से ऑडिषन षुरू होगे । जिसमें 8 फरवरी को समूह गायन, एकल गायन सीनियर (14 वष से अधिक) व एकल नृत्य सब जूनियर (7 वर्ष तक) के ऑडिषन होगे। वही 9 फरवरी को एकल नृत्य जूनियर ( 8 से 14 वर्ष तक), एकल नृत्य सीनियर, समूह नृत्य, मिस्टर व मिस जालोर के ऑडिशन होगे। इसके अलावा सांस्कृतिक कार्यक्रम की श्रेणी में चित्रकला जूनियर (8 से 14 वर्ष तक), चित्रकला सीनियर (14 वर्ष से अधिक), फैन्सी ड्रेस प्रतियोगिता ( 8 वर्ष से अधिक ), महेन्दी व साफा बांधो प्रतियागिता के ऑडिशन नही होगे। इन प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागी अपना आवेदन कर सीधे नटराज मंच पर अपनी प्रस्तुति देगे। चित्रकला प्रतियोगिता में आयोजन समिति की ओर से केवल चार्ट उपलब्ध करवाया जायेगा। इसके अतिरिक्त प्रतिभागी सम्बंधित सामग्री स्वयं लेकर आये। वही महेन्द्र प्रतियोगिता में प्रतिभागी संबंधित सामग्री स्वयं लेकर आयेगे। ऑडिषन में चयनित प्रतिभागियों की सूची 11 फरवरी को राउमावि राजेन्द्रनगर जालोर एवं सूचना एवं जनसम्पर्क कार्यालय जालोर के बाहर चस्पा की जायेगी। सांस्कृतिक प्रतियोगिता में भाग लेने वाले इच्छुक प्रतिभागी आवेदन निर्धारित तिथि तक जमा करवा देवे। इसके बाद आवेदन स्वीकार नही किये जायेगे।

जालोर महोत्सव में 15 फरवरी से तीन दिन तक स्टेडियम ग्राउण्ड में विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिता की धूम रहेगी। खेलकूद प्रतियोगिता के समन्वयक अर्जुनसिंह देलदरी ने बताया कि खेलकूद प्रतियोगिता भाग लेने वाले इच्छुक खिलाडी अपने आवदेन 10 फरवरी तक राउमावि राजेन्द्र नगर जालोर व स्टेडियम प्रागंण कार्यालय में प्रातः10 बजे से शाम 4 बजे तक कर सकते है। खेलकूद प्रतियोगिता में वालीबॉल, कब्बड्डी, बास्केटबॉल, खो-खो , रस्सा कस्सी, सतोलिया, बैडमिंटन, रोलर स्केटिंग, युगल युवा दोड, सौ मीटर वॉक वरिष्ठ नागरिक, म्यूजिक चेयर व मटका दौड प्रतियोगिता का आयोजन होगा।

# पथ संचलन निकाला

**जालोर, (नि.सं.)।** निकटवर्ती बिशनगढ़ में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने बसन्त पंचमी के अवसर पर रविवार को बिशनगढ़ मण्डल के सभी सात गांव बिशनगढ़, नरसाणा, मूडी, बालवाड़ा, तीखी, पहाड़पुरा व खानपुर के स्वयं सेवकों ने भव्य पथ संचलन निकाला।

संचलन से पहले सभी स्वंयसेवक संघ की गणवेश धारण कर नगर की मुख्य सड़क स्थित स्कूल मैदान में एकत्रित हुए। जहां प्रार्थना व भगवा ध्वज को प्रणाम के बाद कदम से कदम मिलाकर घोष की धुन पर चलते हुये पथ संचलन निकाला गया। पथ संचलन स्कूल मैदान से प्रारंभ होकर, बस स्टैण्ड, रेलवे स्टेशन, जैन मन्दिर से मैन चौहटा पर घूमकर पोस्ट ऑफिस के आगे से आखरिया व नगर के मुख्य मार्गो से नेशनल हाईवे के पास होकर मुख्य सड़क स्थित रामदेवजी के मन्दिर से होते हुये पुनः स्कूल मैदान पहुंचा।

स्कूल मैदान में मुख्य वक्ता के रूप में संघ के विभाग सहकार्यवाह जगदीश सोनी ने स्वयं सेवकों व ठाामीणों को संबोधित हुये कहा कि आज बसन्त पंचमी व हलाहल चतुर्थी भी है इस पावन संयोग के दिन बिशनगढ़ में संचलन का निकलना बड़े ही सौभाग्य की बात है।

आज के समय में हिन्दू समाज को जागृत व संगठित होने की जरूरत की जरूरत है। साथ ही बताया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) अपने स्थापना के 100वें साल में प्रवेश में प्रवेश किया है, यह एक ऐतिहासिक पल है। 2025 में संघ अपना शताब्दी वर्ष मना रहा है।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना 1925 में विजयादशमी के दिन केशव बलिराम हेडगेवार ने नागपुर में की थी, यह संगठन अनुशासन और देशभक्ति का अनूठा प्रतीक है।

## सुंधा माता मंदिर में महायज्ञ शुरू

**जालोर, (का.सं.)।** जालोर के डीटीओ ऑफिस के सामने टेकरी की पहाड़ी पर स्थित सुन्धा माता के नव निर्मित मंदिर की प्राण को लेकर सोमवार से मंदिर परिसर में शत चण्डी यज्ञ का शुभारंभ हुआ। दिन भर पंडितों के द्वारा मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ में आहुतिया दी।

सुंधा माता मंदिर, सुन्देशा माली समाज सेवा समिति के सचिव तेजाराम सुन्देशा ने बताया कि जालोर के टेकरी की पहाड़ी पर स्थित सुंधा मंदिर की 3 दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा को लेकर सोमवार को शुभमुहूर्त में 5 कुंण्डीय यज्ञ का शुभारम्भ किया।

## पदोन्नति संघर्ष समिति ने ज्ञापन में मांग बताई

**जालोर, (कासं)**उप-प्राचार्य पदोन्नति संर्घष समिति जालोर की ओर से सोमवार को मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री राजस्थान सरकार के नाम जिला कलक्टर डॉ.प्रदीप के .गांवडे को जिला संयोजक सुमेर सिंह धवला के नेतृत्व में ज्ञापन सौपा गया। ज्ञापन देते समय व्याख्याता मोहम्मद रफीक शेख, चंपालाल खत्री,मदनलाल गहलोत, ओमप्रकाश विश्नोई,नरपत सिंह चारण,पहाड सिंह समेत जिले भर के कई व्याख्याता मौजूद रहे। उपप्राचार्य पद को यथावत रखने एवं सत्र 223-24 और 2024-25 की दो वर्ष की बकाया पदोन्नति करने बाबत ज्ञापन दिया गया। जिला सहसंयोजक भंवरू खान बेलिम ने बताया कि राज्य सरकार ने जुलाई 2021 में राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ सेवा नियमों का प्रकाशन किया जिसमें माध्यमिक शिक्षा विभाग में उच्च माध्यमिक विद्यालयों में उप-प्राचार्य के 12421 नवीन पद सृजित किए।

# परिवेदनाओं का त्वरित निस्तारण करें : डॉ. गावंडे

**जालोर, (कासं)।** जिला कलैक्टर प्रदीप के. गावंडे की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट परिसर में साप्ताहिक समीक्षा बैठक संपन्न हुई।

बैठक के दौरान जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने समस्त विभागीय अधिकारियों को संपर्क पोर्टल पर प्राप्त आमजन की परिवेदनाओं का त्वरित रूप से निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला परिषद से जुड़े विकास के कार्यों (सांसद-विधायक मद) यथा-पेयजल संबंधी, सड़क निर्माण संबंधी, विद्युत एवं शिक्षा संबंधी कार्यों को तय समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों से जिले में संचालित जल जीवन मिशन कार्यों के अंतर्गत एफ.आर. प्रोजेक्ट, ई.आर. प्रोजेक्ट, डी.आर. प्रोजेक्ट, सीलू-जैसला-भाटकी परियोजना की जानकारी लेते हुए जिले में सुचारू पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने चिकित्सा विभाग के अधिकारियों से शुद्ध आहार मिलावट पर वार के अंतर्गत वर्तमान तक लिए गए खाद्य पदार्थों के सैंपल की जानकारी, मुख्यमंत्री निःशुल्क दवा योजना, मुख्यमंत्री निःशुल्क जांच योजना, जिले के स्वास्थ्य केंद्रों में दवाइयों की उपलब्धता की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बैठक में जिला कलक्टर ने उद्योग विभाग के अधिकारियों से पूर्व में आयोजित हुए जिला स्तरीय राइजिंग राजस्थान इन्वेस्टर मीट कार्यक्रम में हुए उद्योग संबंधी विभिन्न एम.ओ.यू. की वर्तमान क्रियान्वयन प्रगति की जानकारी प्राप्त की। जिला कलक्टर प्रदीप के. गावंडे की अध्यक्षता में पंच गौरव कार्यक्रम की जिला स्तरीय समिति की प्रथम बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान जिला कलक्टर ने पंच गौरव कार्यक्रम से संबंधित विभागों के अधिकारियों-कार्मिकों को पंच गौरव कार्यक्रम के तहत चयन किए गए उपज, वनस्पति प्रजाति, उत्पाद, पर्यटन स्थल एवं खेल के विकास हेतु विस्तृत कार्ययोजना बनाकर अनुमोदन प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नंदकिशोर राजोरा, जिला रसद अधिकारी आलोक झरवाल, केन्द्रीय सहकारी बैक के प्रबंध निदेशक नारायण सिंह, पीएमओ डॉ. पूनम टांक, जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र के महाप्रबंधक संग्रामराम देवासी, जिला शिक्षा अधिकारी गंगा कलावंत, सीएमएचओ डॉ. भैराराम जाणी व जिला रोजगार अधिकारी ललित मेवाड़ा सहित कई जने उपस्थित रहे।

# विद्यालयों सहित कई स्थानों पर सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम हुए

**जोधपुर, (कासं)।** शहर में सोमवार को सूर्य सप्तमी के उपलक्ष में सम्पूर्ण राजस्थान के समस्त विद्यालयों में प्रार्थना सभा की निरंतरता में सूर्य नमस्कार का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जोधपुर शहर में भी स्कूल, कॉलेज से लेकर सामाजिक संगठनों की ओर से सूर्य नमस्कार किया गया।

राजकीय आयुर्वेद नर्स कंपाउंडर प्रशिक्षण केंद्र पूंजला में सूर्य सप्तमी के पावन अवसर पर विशेष योगाभ्यास सत्र का आयोजन किया गया। इस दौरान उपस्थित प्रशिक्षुओं एवं कर्मियों ने सूर्य देव को अघ्र्य अर्पित कर सामूहिक सूर्य नमस्कार किया। इस अवसर पर उपस्थित विशेषज्ञों ने सूर्य सप्तमी का धार्मिक और स्वास्थ्य संबंधी महत्व बताया। उन्होंने कहा कि इस दिन सूर्य उपासना से आरोग्य, तेजस्विता और ऊर्जा में वृद्धि होती है।

सूर्य नमस्कार को योगासनों का सर्वश्रेष्ठ अभ्यास बताते हुए इसके नियमित अभ्यास से शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य लाभों पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में पूर्व प्राचार्य डॉ. महेन्द्र कच्छवाहा, डॉ. मोहन सोलंकी, डॉ. स्नेहा मित्तल, वरिष्ठ कम्पाउंडर जितेन्द्र चौधरी, विक्रम शर्मा सहित नर्सिंग प्रशिक्षुओं एवं आयुर्वेद कर्मियों ने बढ़-चढक़र भाग लिया।

तिंवरी क्षेत्र के मरुधरा पब्लिक उच्च माध्यमिक विद्यालय उम्मेदनगर में सूर्य सप्तमी का आयोजन किया गया। संस्थान के निदेशक गजेंद्र चौधरी ने बताया कि शारीरिक शिक्षक चंद्रप्रकाश चौधरी व अमित कुमार के नेतृत्व में मंत्रोच्चार के साथ सूर्य-नमस्कार एवं अन्य योग क्रियाएं की गई। विद्यालय के उप प्रधानाचार्य प्रेमसुख सुथार ने जीवन में सूर्य-नमस्कार व योग के महत्व के बारे मे विधार्थियों को जानकारी दी। विद्यालय प्रधानाचार्या मीना कुमारी चौधरी ने विद्यार्थी के भौतिक विकास हेतु योग क्रियाएं, स्वस्थ मनोवृति के लिए ध्यान के महत्व पर प्रकाश डाला। सृजन मानव शिक्षा एवं कल्याण संस्थान द्वारा संचालित महाविद्यालय के विशेष शिक्षा निदेशक गजेन्द्र चौधरी सहित समस्त शिक्षक, कार्मिक और विद्यार्थियों ने सामूहिक रूप से सूर्य नमस्कार से योग क्रियाएं प्रारंभ की। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बासनी स्टेशन में सामूहिक सूर्य नमस्कार किया गया जिसमें विद्यालय के प्राचार्य भंवर सिंह परिहार के नेतृत्व में विद्यालय के सभी कार्मिकों व सभी छात्राओं ने सामूहिक सूर्य नमस्कार किया। महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय रावत बेरा डाबड़ी में सूर्य सप्तमी के अवसर पर सूर्य नमस्कार किया गया। व्याख्याता जितेन्द्र डागा ने बताया कि विद्यालय के बच्चों ने इस अवसर पर सूर्य की आकृति बनाकर सूर्य नमस्कार किया। इस अवसर पर वरिष्ठ अध्यापक जयप्रकाश जाणी, भोमसिंह, मेहताब सिंह, जगदीश जाणी एवं महिपाल जाणी, पूनमचंद विश्नोई उपस्थित थे

राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय अल्प भाषा राजमहल 17 सेक्टर चौपासनी हाउसिंग बोर्ड में सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के अधीन राष्ट्रीय सिंधी भाषा विकास परिषद के सदस्य अशोक मूलचंदानी ने बताया कि सूर्य नमस्कार करने से तनाव कम होता है तथा शरीर में लचीलापन बनता है। विद्यालय के प्राचार्य ललित खुशलानी ने कहा कि सूर्य नमस्कार से शरीर के साथ मन भी स्वस्थ रहता है और रक्त संचार बेहतर होता है।

## सार-समाचार

### दोषी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की

**रेवदर, (निसं)।** रेवदर क्षेत्र के मकावल ग्राम पंचायत में प्रधानमंत्री आवास योजना में मिलीभगती और भ्रष्टाचार को लेकर उपखंड अधिकारी सुबोध चारण को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में नरसाराम पुत्र हिमाराम जाति मेघवाल निवासी मकावल, ग्राम पंचायत मकावल तहसील रेवदर जिला सिरोही राज ने बताया कि योजना से दुर कर मेरे कागजो से आवास योजना दुसरे अन्य व्यक्ति को पात्र मानकर उसे स्वीकृत कर दिया, इस बात कि जानकारी मिली तो मुझ प्रार्थी द्वारा सम्पूर्ण मामले को लेकर बार-बार मौखिक और लिखित रूप से ज्ञापन देकर स्थानीय अधिकारियों को अवगत करवाया लेकिन राजनितिक कारणो और दबाव से मुझ प्रार्थी को न्याय नहीं मिल रहा वही सरकार कि इस योजना मे पात्र परिवार को किनारे कर दिया, जिसके कारण मुझ प्रार्थी को आज दिन तक योजना का लाभ नहीं मिला, प्रधानमंत्री आवास योजना में हुआ घोटाला कागजों में घोटाला कर पात्र परिवार का आशियाना छिन लिया है, मुझ पात्र व्यक्ति का जॉब कार्ड किसी अन्य व्यक्ति के आवेदन में चढाया गया, उपखंड मुख्यालय के ग्राम पंचायत मकावल में मुझ प्रार्थी के साथ प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत एक घोटाला सामने आया है। जिससे गरीब का आशियाना बनाने का सपना अधूरा रह गया है। ज्ञापन में मुझ प्रार्थी के साथ हुए घोटाले और सरकारी योजनाओं में हेरफेर कर मुझ प्रार्थी के नाम से अन्य व्यक्ति को इस तरीके आवास योजना का लाभ देने से मुझ प्रार्थी के साथ धोखा हुआ है वही तत्कालीन सरपंच/सचिव ने अनुचित तरीके से उक्त कृत्य किया है।सम्पूर्ण प्रकरण कि उच्च स्तरीय जांच कर कानूनन कार्यवाही करवा मुझ प्रार्थी को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने को लेकर माँग की गई।

### लेपटॉप व रुपए चोरी का आरोपी गिरफ्तार

**जोधपुर, (कासं)।** शहर की प्रतापनगर सदर पुलिस ने 5 जनवरी को एक वाटिका में चल रही शतरंज प्रतियोगिता से प्रतियोगी का लेपटॉप और रूपए चोरी करने वाले शख्स को गिरफ्तार किया है। आरोपी से लेपटॉप बरामद किया गया है। महाराष्ट्र से आए प्रतियोगी ने इस बारे में प्रतापनगर सदर थाने में रिपोर्ट दी थी। पुलिस ने बताया कि महाराष्ट्र के कोल्हापुर का रहने वाला कौस्तुम कृष्णात गोते मराठा यहां जोधपुर में 4-5 जनवरी को एक वाटिका में शतरंज प्रतियोगिता में हिस्सा लेने आया था। वह वाटिका के रूम नंबर 6 में ठहरा हुआ था। 5 जनवरी को वह वाटिका के ठााउण्ड में अपने पांचवें राउण्ड के लिए खेलने गया था। वापिस रूम पर लौटने पर उसका सामान बिखरा पड़ा था। अज्ञात शख्स उसका लेपटॉप और चार हजार रूपए चोरी कर ले गया। बाद में आस पास पूछने पर पता लगा कि सूरज साहू नाम का शख्स उसका लेपटॉप ले जाते दिखा है। बाद में उससे बात करने पर उसने लेपटॉप के बदले 15 हजार रूपए मांगे। इस पर पीड़ित ने प्रतापनगर सदर थाने में रिपोर्ट दी। पुलिस ने बताया कि प्रकरण में अब उदयपुर मावली के हनुमान वाटिका के सामने रहने वाले सूरज साहू को गिरफ्तार किया गया है।

### पुलिस ने अपराधियों की धरपकड़ की

**जोधपुर, (कासं)।** कमिश्नरेट की जिला पश्चिम पुलिस ने सोमवार की अलसुबह शहर में मिशन संकल्प अभियान चलाते हुए एक साथ कई स्थानों पर रेड दी। 50 पुलिस की टीमों में शामिल 300 पुलिस कर्मी ठिकानों पर पहुंचे। पुलिस ने कार्रवाइयां करते हुए 3 एनडीपीएस और दो आबकारी के प्रकरण बनाए, साथ ही 45 संदिज्ध लोगों के साथ 45 गाडिय़ों को जब्त किया गया है। डीसीपी वेस्ट ने बताया कि मिशन संकल्प के तहत जिला पश्चिम के नट बस्ती मसूरिया, देवनगर, प्रतापनगर एवं कुड़ी आदि इलाकों में पुलिस की 50 टीमों का गठन किया गया। 300 पुलिस कर्मी कार्रवाई में लगाए गए। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 14 गिरफ्तारी वारंटी, 7 स्थाई वारंटी को पकड़ा है । साथ ही 45 लोगों को धारा 170 बीएनएनएस में अरेस्ट किया है। 11 लोगों को पूछताछ के लिए डिटेन किया गया है। उन्होंने कार्रवाई में हथियार मिलने की बात से इंकार किया।

### आयुर्वेद डॉक्टर की जलने से हुई मौत

**जालोर, (कासं)।** जालोर शहर के निकट उम्मेदाबाद स्थित आयुर्वेद औषधालय में रविवार रात्रि को आग लगने से आयुर्वेद चिकित्सक की जिंदा जलने से मौत हो गई। हालांकि आग लगने के ठोस कारणों का फिलहाल पता नहीं लगा है। जालोर जिले के उम्मेदाबाद में डॉ मुरारी मीणा यहां दो साल से कार्यरत थे। इस सम्बंध में जालोर आयुर्वेद विभाग के उप निदेशक डॉ दिनेश जोशी ने बताया कि डॉ मीणा के वेतन में से उनकी पत्नी के खाते में निदेशालय के निर्देश अनुसार कटौती होकर जमा होती थी। रविवार रात्रि को अपने पलंग पर सो रहे थे।

## सूर्य नमस्कार कीया

**जालोर, (कासं)।** जिले में शिक्षा विभाग एवं क्रीडा भारती के संयुक्त तत्वावधान में शिक्षा विभागीय कार्यालयों, सभी सरकारी व गैर सरकारी विद्यालयों में एक साथ-एक ही समय पर सूर्य सप्तमी के पूर्व दिवस पर सूर्य नमस्कार किया गया। जिला स्तरी कार्यालय मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक, जिला शिक्षा अधिकारी मुख्यालय प्रा.शि./मा.शि. व डाईट जालोर का सोमवार को प्रातः 9 बजे अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक कार्यालय के परिसर में दक्ष प्रशिक्षक क्रीडा भारती जालोर के सह मंत्री शारीरिक शिक्षक ओमप्रकाश गर्ग के निर्देशन में सूर्य नमस्कार कार्यक्रम आयोजित किया गया। सूर्य नमस्कार कार्यक्रम के अन्तर्गत दक्ष प्रशिक्षक द्वारा सूर्य नमस्कार के मंत्रोच्चारण सहित दस आसनों का अभ्यास करवाया गया। क्रीडा भारती मंत्री भागीरथ गर्ग ने सूर्य नमस्कार के मंत्रों का उच्चारण की जानकारी प्रदान की। क्रीडा भारती जिला अध्यक्ष लालसिंह सांखला, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी गंगा कलावन्त, जिला शिक्षा अधिकारी मुख्यालय माध्यमिक भेराराम, जिला शिक्षा अधिकारी मुख्यालय प्रारम्भिक मुनेश कुमार मीणा एवं क्रीडा भारती के कार्याध्यक्ष नाथू सोलंकी ने सूर्य नमस्कार के बारे में उद्बोधन दिया।


**MAHADEV SEVA SANSTHAN,**
I-168, Gaffut Bhatta, Jaisalmer -345001
Contect No- 6377124339

**EXPRESSION OF INTEREST**

Mahadev Seva Sansthan Jaislmer invites EOI from the registered agencies / firm for supply of 50 tool kits in wood carving craft at jaislmer under SDHS-NHDP Scheme sponsored by office of Development Commissioner ( Handicrafts), Govt. of india , New Delhi vide sanction order no S-12012 /ITDP/100/2024-25/NR/Gen Date 03.09. 2024.The detailed specifications of the tool kits are given in the scope of work. interest ed agencies may submit their EOI along with their financial quotes on above address or to the office of DC Handicrafts, inside campus of IIHT, Chokha road Nayapura, jodhpur last date for submission of EOI Shall be 11.02.2025

vasugiri
secretary



**विवाद्यकों के स्थिरीकरण के लिए सम्मन**

122
03.02.2025 (आदेश 5 के नियम 1 और 5 )

समक्ष अतिरिक्त सिविल न्यायाधीश क्रम संख्या 4, जयपुर महानगर, द्वितीय, जयपुर

**स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया** विरूद्ध **गणेश राम एवं अन्य**

वाद बाबत वसूली 1,02,927.00/- रूपये
वाद संख्या 72 सन् 2022

बनाम 1. गणेश राम पुत्र श्री राम चन्द्र, निवासी 507, सुभाष नगर-ए, मिल गेट, पाली-341001,
2. श्रीमती जसोदा देवी पत्नी गणेश राम, निवासी-507, सुभाष नगर-ए, मिल गेट, पाली-341001

वादी ने आपके विरूद्ध वसूली के लिये वाद पंजीयत किया है। आपका इस न्यायालय में तारीख **26 माह फरवरी सन् 2025** को प्रातः **10:00** बजे दावे का उत्तर देने के लिये उपसंजात (हाजिर) होने के लिये वचन दिया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते हैं, जिसे सम्यक् अनुदेश दिये गये हों और जो इस वाद से सम्बन्धित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके। आपको यह भी निर्देश दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित साक्ष्य दाखिल करें और उस दिन ऐसी सब दस्तावेज जो आपके कब्जे में या शक्ति में हैं पेश करें, जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या दाखिल/मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित है और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर, चाहे वह आपके कब्जे व शक्ति में हो, अपना प्रतिरक्षा या मुजराई के दावे या प्रतिदावा के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो आप ऐसी दस्तावेजों को उल्लेखित समय के बाद उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्ट करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप अपर बताई गई तारीख को न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। यह वाद **दिनांक 03 माह 02 सन 2025** को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

अपर सिविल न्यायाधीश
सील महानगर मजिस्ट्रेट क्रम-04, जयपुर महानगर, द्वितीय

